an>

Title: Need to provide 'No Dues Certificate' online to Bank customers.

श्री लक्ष्मी नारायण यादव (सागर) ः मेरा निवेदन है कि देश में राष्ट्रीयकृत बैंकों ने आधुनिक तकनीकों का अपने कई कार्यों में उपयोग किया है और आये दिन बैंक उपभोक्ताओं को अनेकों कम्प्यूटराइज्ड सुविधा मिल रही है। जिससे बैंक उपभोक्ता के कार्य आसान और उनको बैंक कार्य में पहले की अपेक्षा अब काफी समय लगता है। परंतु मैं राष्ट्रीयकृत बैंकों की एक कमी की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूँ, जिस पर राष्ट्रीयकृत बैंकों ने आधुनिक तकनीक को विकसित नहीं किया है, वह है ऑनलाइन माध्यम से बैंक उपभोक्ताओं को नो ड्यूज़ प्रमाण पत्र जारी करना। अभी भी बैंकों से नो ड्यूज़ प्रमाण पत्र लेने हेतु कई काउंटरों एवं अधिकारियों के पास जाना पड़ता है। दुनिया के लगभग सभी देशों में बैंकों के माध्यम से नो ड्यूज़ प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं।

सरकार से अनुरोध है कि राष्ट्रीयकृत बैंकों को ऑनलाइन माध्यम से नो ड्यूज़ प्रमाण पत्र की सुविधा दिलवाने के कार्य को शीघ्र किया जाये।